# मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए ह्यूमन कनेक्ट प्रोग्राम लांच

**आइआइएम की पहल**

**विशेष संवाददाता, रांची**

कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते ह्यूमन कनेक्ट टीम के सदस्य.

आइआइएम रांची ने विद्यार्थियों, शिक्षकों व आम लोगों के साथ मानसिक और भावनात्मक विकास को बढ़ावा देने के लिए ह्यूमन कनेक्ट कार्यक्रम लांच किया है. संस्थान के निदेशक डॉ दीपक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रोग्राम के लिए एक टीम गठित हुई है. शुरुआत में दो सप्ताह तक एक-दूसरे को जोड़ने की कोशिश होगी, ताकि विद्यार्थी व शिक्षक एक-दूसरे से मिल सकें. खुशनुमा माहौल में अध्ययन व अध्यापन का कार्य कर सकें.

उन्होंने कहा कि आइआइएम देश का पहला प्रबंधन संस्थान है, जहां हैप्पीनेस क्लब स्थापित किया गया है. ह्यूमन कनेक्ट टीम में डॉ पीके बाला, डॉ तनुश्री दत्ता, प्रो गौरव मनोहर मराठे, डॉ मनीष कुमार, डॉ जयंत त्रिपाठी आदि शामिल हैं. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को एक साथ आने, साझा करने, कला के विभिन्न रूपों और अन्य तरीकों से खुद को अभिव्यक्त करने का अवसर मिलेगा. इसका उद्देश्य समुदाय की गहरी भावना को बढ़ावा देना है. डॉ दत्ता व प्रो गौरव ने बताया कि रविवार को कलेक्टिव ड्रम सर्कल कार्यक्रम होगा. सभी विद्यार्थी समूह में अलग-अलग ड्रम बजायेंगे. अगला कार्यक्रम ह्यूमन लाइब्रेरी है, जिसमें विद्यार्थी अपने व्यक्तिगत अनुभव और कहानियां साझा करेंगे. फिर पौधरोपण कार्यक्रम होगा. डॉ दत्ता ने बताया कि इसके अलावा कलेक्टिव डांस कार्यक्रम होगा. इसमें शारीरिक फिटनेस, अभिव्यक्ति और सामुदायिक भावना को बढ़ावा दिया जायेगा. अगला कार्यक्रम वी इवोल्व व्याख्यान श्रृंखला का है, जिसमें प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे. साथ ही विद्यार्थियों व शिक्षकों को तनाव से मुक्त कराने के लिए प्रोफेशनल काउंसेलिंग फैसिलिटी, कलेक्टिव कैनवस पेंटिंग्स, माइंडफुलनेस इंटरवेंशन जैसे कार्यक्रम चलाये जायेंगे. कैंपस में टेक्नोवर्ष भी आयोजित किया जा रहा है.

Prabhat Khabar 29.01.2023 Pg. 04.